...तता की
...भाजयुमो
...ष्णन से
...बीआई
...अध्यक्ष
... में बड़े
...लिस्टेड
...वारी दी
... उतीर्ण
...12 जून
... है और
...जाता है।
... की है।
...सत्यदेव
...थी।

...आईटी ...ग्रस

...डी छात्रों
...इतिहास,
...विधाओं
...र कैंपस
...या गया।
... ने उन्हें
... के लिए
...निकेशंस
...होंने नए
...00 साल
... निदेशक
... गुणवत्ता,
... संस्थान

बीएसएस बालिका उवि में स्व. रूपेश कुमार सिन्हा की जयंती पर दी श्रद्धांजलि

एजुकेशन रिपोर्टर | धनबाद

स्व. रूपेश कुमार सिन्हा की जयंती पर बीएसएस बालिका उच्च विद्यालय धनबाद में वर्षा जल संरक्षण विषय पर ड्राइंग / पेंटिंग प्रतियोगिता हुई। सर्वप्रथम उनकी तस्वीर पर उनके परिजन पत्नी डॉ मीतू सिन्हा, पुत्र रमित सरैयार, सास शोभा सिन्हा, झारखंड शिक्षा परियोजना धनबाद के सहायक अभियंता विनय कुमार ने माल्यार्पण और पुष्प अर्पित किया। प्रतियोगिता में छात्र -छात्राओं को चार ग्रुप में बांटकर उनके रचनात्मक क्रियाशीलता की जांच की गई। प्रतिभागी 50 छात्र-छात्राओं का उत्साह देखने लायक था। सभी ग्रुप से प्रथम तीन सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को स्व. रूपेश कुमार सिन्हा की स्मृति चिह्न और पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में ग्रुप ए (वर्ग दशम) में छोटी कुमारी प्रथम, पूनम कुमारी द्वितीय और रिया कुमारी तृतीय रही। ग्रुप बी (वर्ग अष्टम) में तृषा और शालू कुमारी प्रथम, प्रिंसी और वर्षा द्वितीय और खुशी और अंजलि तृतीय रही। ग्रुप सी (वर्ग सप्तम) में ऋषिका सिन्हा प्रथम, रूपोश्री नंदी द्वितीय और सुजीत रजवार तृतीय रही। ग्रुप डी (वर्ग 4-6) में अनन्या कुमारी प्रथम, प्रियांशी कुमारी द्वितीय और देव कुमार तृतीय रहे। मौके पर मदन प्रसाद, लवलेश प्रसाद, विद्यालय प्रधान अंजुला गुप्ता, एनावेल सुषमा कंडूलना, अरविंद कुमार, नागेंद्र प्रसाद, रेणु कुमारी, पूनम कुमारी शर्मा, कुमारी पारुल, इंदु कुमारी, रत्नेश कुमार, रमेश त्रिपाठी, रिम्पा दत्ता, मनोज कुमार, छोटी आदि मौजूद थीं।

स्व. रूपेश कुमार सिन्हा की पुण्य तिथि पर प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागी व शिक्षक।

आईएसएम में एकलव्य मॉडल विद्यालयों के छात्रों को दी क्षमता निर्माण की जानकारी

धनबाद | दुमका, गोड्डा और साहिबगंज के एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों नौवीं से 12वीं कक्षा के आदिवासी छात्र मंगलवार को आईआईटी आईएसएम में क्षमता निर्माण कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्हें जनजातीय विकास उत्कृष्टता केंद्र द्वारा जनजातीय कार्य मंत्रालय के फंड से आयोजित बुनियादी और उन्नत स्तर की सूचना प्रौद्योगिकी और कंप्यूटर प्रशिक्षण की जानकारी दी गई। जिसमें कार्यक्रम के बाद रोजगार के अवसर शामिल हैं। प्रोफेसर जेके पटनायक और प्रोफेसर संदीप मंडल की टीम ने सबसे बात की। प्रोफेसर डॉ. रश्मि सिंह ने कहा कि अध्ययन सामग्री दी जा चुकी है।

जल प्रबंधन के महत्व की छात्रों को मिली जानकारी

धनबाद | सिंफर में स्किल इनिशिएटिव के तहत जल और अपशिष्ट जल की गुणवत्ता की निगरानी पर चल रहा 7 दिवसीय कार्यक्रम मंगलवार को संपन्न हो गया। सीएसआईआर इंटीग्रेटेड स्किल इनिशिएटिव के तहत यह कार्यक्रम 9 से 16 जुलाई 2024 तक हुआ था। मुख्य वैज्ञानिक और जल संसाधन प्रबंधन समूह के प्रमुख डॉ. अभय कुमार सिंह ने संक्षिप्त परिचय दिया। प्रस्तुत व्याख्यानों, अवसरों तथा छात्रों को करियर में आगे बढ़ने में मदद करने की क्षमता पर प्रकाश डाला गया। वरिष्ठ प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. गौतम कुमार मॉडल ने डॉ. अमलेंदु सिन्हा का परिचय दिया। मुख्य वैज्ञानिक सुजित कुमार मंडल ने सीएसआईआर-सीआईएमएफआर के पूर्व निदेशक डॉ. अमलेंदु सिन्हा को सम्मानित किया। प्रशिक्षण में छात्रों ने जल प्रबंधन के महत्व, गुणवत्ता और उपयोगिता के बारे में सीखा। प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिया गया।

...नबाद शाखा ने 24 नए ...ओं को किया सम्मानित

...आत्मविश्वास के साथ कौशल महत्वपूर्ण | सीए की डिग्री किसी व्यक्ति को साक्षात्कार की मेज तक पहुंचने में मदद कर सकती है, लेकिन उसे कितना वेतन मिलेगा, यह उसके आत्मविश्वास और कौशल पर निर्भर है। साक्षात्कार में सफलता के लिए पिछले अनुभव और तकनीकी कौशल को साझा किया गया।

ये हुए सम्मानित | गौरव अग्रवाल, प्रथम कुमार गोयल, समरजीत सिंह कालरा, प्रियांशु अग्रवाल, साक्षी कुमारी, अभिषेक कुमार, अमित कुमार पाल, दिलप्रीत सिंह, गौरव अग्रवाल, ऋतिक खंडेलवाल, कृष्णा बंसल, मौसम खरकिया, सिल्की कुमारी मित्तल, विनय हरितवाल, विशाल गुप्ता, हर्षित गुप्ता, रिया साव, दिव्या गुप्ता, सुमित कुमार अग्रवाल, हर्ष केशरी, शिवम अग्रवाल, उत्सव मित्तल, उत्तम, मेघा जालुका।

बीसीसीएल BCCL

भारत कोकिंग कोल लिमिटेड

(एक मिनीरत्न कम्पनी)

(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कंपनी)

माननीय न्यायालय सिविल जज (वरीय कोटि - XI) धनबाद

ओरिजिनल वाद संख्या : 51/2023

बी. सी. सी. एल. पी. बी. एरिया ...... वादी

बनाम

शंकर महतो ...... प्रतिवादीगण

नोटिस बनाम्

शंकर महतो, पिता स्व. मुचिराम महतो

साकीम- बलिहारी,

पो०- कुसुंडा पी०एस०- पुटकी, जिला- धनबाद, झारखंड

इस प्रकाशन के माध्यम से आप दोनों को सूचित किया जाता है कि आपके विरुद्ध उपरोक्त वाद मे स्वत्व वाद का मुकदमा दायर किया गया है। उपरोक्त वाद मे आप प्रतिवादी हैं। न्यायालय द्वारा नोटिस निर्गत होने के बावजूद आप न्यायालय में उपस्थित नही हो हैं।

अतः आप को इस प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि दिनांक 07/08/2024 को सुबह 10:30 बजे स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित हो कर उक्त वाद में अपना पक्ष रखें, अन्यथा आप दोनों की अनुपस्थिति में वाद की सुनवाई आपके विरुद्ध एक पक्षीय की जाएगी।

ह0/- सिविल जज (वरीय कोटी-XI), सिविल कोर्ट, धनबाद

यह सूचना बीसीसीएल की वेबसाइट www.bcclweb.in पर भी उपलब्ध है।

दैनिक भास्कर धनबाद 17/07/24